- चार भागों में बाल का विभाजन करे।(कान से कान तक व माथे के मध्य रेखा से गर्दन तक)।
- गर्दन से बाल का उप विभाजन करें और राउंड ब्रश की सहायता से ड्रायर द्वारा बालों को सूखायें।
- इसी प्रकार क्राउन की तरफ बढते जाएं। जब तक सभी बाल स्टाइल द्वारा सूख न जायें।
- अब कान के आगे के बाल को इसी प्रकार स्टाइल दें और सूखायें।
- मनचाहा सटाइल प्राप्त होने के पश्चात हेयर स्प्रे करें।

नोट (Note)

- ध्यान रखें कि कार्य करते समय गर्दन से शुरू करते हुए क्राउन की तरफ जायेंगें।
- क्षतिग्रस्त बाल पर ब्लों ड्राइंग करने से पहले सिरम का प्रयोग अवश्य करें।

कर्ली बालों पर ब्लों ड्राइंग (Blow drying on curl hair)

- स्टाइलिंग लोशन लगायें। आवश्यकतानुसार सिरम को प्रयोग करें।
- खुले दांतो वाली कंघी के द्वारा बालों का विभाजन व उपविभाजन करें।
- हेयर ड्रायर के आगे डिफ्युज़र (Diffuser) को फिक्स करें।
- इस विधि के द्वारा ड्रायर को सिर की तरफ लाकर धीरे धीरे पीछे किया जाता है जिससे कि बाल के कर्ल ना खुलें और सूखने के बाद वैसे ही बने रहें।
- ब्लो ड्राई की विधि के अनुसार सारे बालों को इसी प्रकार सूखायें।
- हेयर स्प्रे या स्टाइलिंग जैल से स्टाइल को समाप्त करें।

- आयरनिंग/क्रिम्पिंग (Ironing/crimping)
- आयरनिंगः आयरनिंग एक बिजली का उपकरण है जिसे प्रेसिंग मशीन भी कहते है। इसके द्वारा अस्थायी रूप से बाल में से वेव्स और कर्ल्स को हटाकर सीधा किया जाता है। इसे प्रेसिंग तकनीक भी कहते है।
- किम्पिंगः यह एक बिजली का उपकरण है जिसके द्वारा बाल को अस्थायी रूप से वेव दी जाती है जो बाल को वेवी और फूली हुई हेयर स्टाइलिंग देती है।



प्रक्रिया (Procedure)

- शैम्पू के पश्चात बाल व सिर का विश्लेषण करें अर्थात बाल की बनावट, सोखने की क्षमता, लम्बाई व मोटाई इत्यादि देखें।
- बाल को सामान्यतः सूखायें और विभाजन करें।
- आयरनिंग/क्रिम्पिंग में गर्दन से शुरू करते हुए क्राउन की तरफ जायें अंत में कान से सिर के मध्य की ओर जाते हुए हेयर स्टाइल दें।



- कर्लिंग रॉडः बाल को अस्थायी रूप से कर्ल देने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह विभिन्न साइज में उपलब्ध होते है जिससे बालो का आयतन व कर्ल्स निर्भर करते है। इसके प्रयोग से पहले कर्लिंग रॉड का तापमान अवश्य देखें । जिससे कि बाल की लम्बाई और मोटाई को देखते हुए समय का प्रबंध रखा जा सके।



- टोंग्स



यह बाल को अस्थायी रूप से कर्ल देने का एक बिजली का उपकरण है। जो अगले शैम्पू तक बाल को कर्ली रखता है। बाल के अंतिम छोर में लपेटते हुए स्पाइरल के आकार में कर्ल्स दिए जा सकते है।

- इलेक्ट्रिक रोलर्स/प्री-हीटिड रोलर्स **(Electric roller/pre-heated rollers)** : यह बाल को अस्थायी रूप से कर्ल देने का एक बिजली का उपकरण है। जो अगले शैम्पू तक बाल को कर्ली रखता है। रोलर्स को ग्राहक के बाल पर लगाने से पहले गर्म किया जाता है। गर्म रोलर्स को आवश्यकतानुसार बाल के अंतिम छोर में लपेटते हुए स्पाइरल




**अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए सावधानियाँ (Precautions to ensure good results)**

- स्टाइलिंग से पहले ग्राहक के सिर व बाल की जाँच अच्छी तरह से करें।
- अधिक ताप और दबाव से ग्राहक के सिर या बाल को बचा कर रखें।
- जिन बाल पर कलरिंग, लाइटनिंग या किसी रसायन का प्रयोग हो चुका है उन पर अधिक ताप न दें।
- थर्मल हेयर स्टाइलिंग में केवल प्लास्टिक, कंघी या समान आदि को प्रयोग करें।
- हॉट आयरन या रॉड को गर्म करने हेतु उसे सुरक्षित स्थान पर रखें।
- कर्लिंग रॉड या टोंग को प्रयोग करते समय 1” - $1^{1/4}$” सिर से दूर रखें।
- सदैव ग्राहक के पास ताप से सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षात्मक क्रीम का प्रयोग अवश्य करें।

**प्रयोग करते समय व बाद में बिजली के उपकरणों की देखभाल (Handling and care of thermal hair styling equipments)**

- ग्राहक पर प्रयोग करने से पहले हीटिंग आयरन को सफेद पेपर या कपड़े पर लगा कर तापमान चेक करें।
- पाँच सेकेंड तक आयरन रॉड को कपड़ें पर लगा रहने दें। यदि रोयें खड़ें होते है इसका अर्थ - रॉड बहुत गर्म है। कुछ देर ठंडा करके प्रयोग करें।
- भिन्न-भिन्न बाल के बनावट पर ताप का प्रयोग भिन्न भिन्न होता है।
- नियमानुसार सफेद बाल पर हीट का प्रयोग अधिक देर तक किया जा सकता है।

**थर्मल हेयर स्टाइलिंग में विपरीत संकेत (Contra indication in thermal hair styling):**

- सिर की त्वचा पर कोई कट या चोट का निशान या जलन होना ।
- बाल पर किसी रसायन आदि का उपस्थित होना।
- बाल बहुत नाज़ुक या टूटे होने पर।
- किसी प्रकार के संक्रमित रोग होने पर।
- दस साल से कम उम्र के बच्चों पर।

**थर्मल हेयर स्टाइलिंग में कॉन्ट्रा एक्शन (Contra action in thermal hair styling):**

- जलन
- सूजन हो जाना
- त्वचा का लाल होना